an>

Title: Need to regularise the services of employees involved in National Health Mission.

श्री राजीव सातव (हिंगोली) : अध्यक्ष जी, मैं महाराष्ट्र के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में 2005 से काम करने वाले अठारह हजार अधिकारी और कर्मचारियों की बात सदन के सामने रखना चाहता हूं। ये अधिकारी पिछले कई सालों से काम कर रहे हैं। डॉक्टर सहित कई लोग अच्छे पदों पर काम कर रहे हैं। उनकी आयु 45 वर्ष से ज्यादा हो गई है, इसलिए किसी भी शासकीय सेवा में उनको जिम्मेदारी मिलना मुश्किल है। यह स्वास्थ्य मिशन वर्ष 2017 में समाप्त हो रहा है इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि इन अठारह हजार कर्मचारियों को किसी न किसी शासकीय पद में इन्वोल्व करने के बारे में सरकार की तरफ से सोचना चाहिए, क्योंकि अठारह हजार परिवारों का सवाल है।